# ग्रेटर नोएडा में अंतरराष्ट्रीय व्यापार प्रदर्शनी शुरू

# लघु उद्योगों से नए रोजगार बढ़े: योगी

## शुभारंभ

ग्रेटर नोएडा / लखनऊ, हिटी। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा है कि देश की सबसे बड़ी आबादी के साथ ही उत्तर प्रदेश एमएसएमई (सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्योग) की सर्वाधिक यूनिट रखने वाला भी राज्य है। यूपी के 75 जनपदों में 96 लाख एमएसएमई यूनिट हैं। कृषि के बाद यूपी में यह सर्वाधिक रोजगार सृजन करने वाला क्षेत्र है। मुख्यमंत्री ने ये बातें बुधवार को यूपी इंटरनेशनल ट्रेड शो-2024 के शुभारंभ समारोह को संबोधित करते हुए कहीं।

इसके पूर्व मुख्यमंत्री ने कार्यक्रम के मुख्य अतिथि उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ का स्वागत किया और ट्रेड शो में विभिन्न स्टॉल का अवलोकन भी किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि सैकड़ों वर्षों से अलग-अलग क्षेत्रों में यूपी के अंदर रोजगार सृजन के लिए हस्तशिल्पियों, कारीगरों ने इन्हें बढ़ाने में योगदान दिया था, लेकिन आजादी के बाद उचित प्रोत्साहन के अभाव व समय पर तकनीक न मिलने से वे बंदी के कगार पर पहुंच चुके थे।

मुख्यमंत्री ने कहा, 2017 में यूपी में हमारी सरकार आई तो पीएम मोदी के नेतृत्व, मार्गदर्शन में आत्मनिर्भर भारत की परिकल्पना को साकार करने के विजन को धरातल पर उतारने के लिए अनेक कार्यक्रमों को आगे बढ़ाया गया। इसमें ओडीओपी (एक जिला एक उत्पाद) के रूप में सभी 75 जनपदों का यूनीक प्रोडेक्ट तय किया। इसके प्रोत्साहन, ब्रांडिंग, मार्केटिंग, डिजाइनिंग, पैकेजिंग, टेक्नोलॉजी से जोड़ने के लिए अभियान को बढ़ाया गया। यूपी में यह रोजगार सृजन के सबसे महत्वपूर्ण केंद्र के रूप में उभरा है। यूपी आज देश के विकास के ग्रोथ इंजन के रूप में जाना जा रहा। सीएम ने कहा, ओडीओपी योजना की सफलता के साथ ही यूपी के पास सर्वाधिक 75 जीआई टैग हैं।

निवेश करेगा वियतनाम P02

## मुख्यमंत्री बोले, यूपी देश का विकास इंजन



ग्रेटर नोएडा में बुधवार को इंटरनेशनल ट्रेड शो-2024 में उप राष्ट्रपति जगदीप धनखड़, मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ और मंत्री राकेश सचान व नंद गोपाल नंदी।

**25** सौ से अधिक एग्जीबिटर्स और 350 से अधिक विदेशी खरीदार आए

**75** जनपदों में उत्तर प्रदेश के 96 लाख एमएसएमई यूनिट हैं

### योगी के प्रयासों से 'उद्यम प्रदेश' बन रहा यूपी: धनखड़

उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने कहा कि निवेश के लिए कानून और व्यवस्था से ज्यादा महत्वपूर्ण कुछ नहीं है। कानून और व्यवस्था लोकतंत्र को परिभाषित करती है और यूपी के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ कानून और व्यवस्था को परिभाषित करते हैं। योगी आदित्यनाथ का कैसे वर्णन किया जाए, देश का सबसे बड़ा राज्य उनके गतिशील शासन में फल-फूल रहा है। योगी इस राज्य के लिए 'गेम चेंजर' साबित हुए हैं और इससे देश को काफी मदद मिल रही है। उनके प्रयासों से यूपी तेजी से 'उद्यम प्रदेश' बन रहा है। ब्योरा P02